अमर उजाला 13/01/2023

# युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे विवेकानंद



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं और अन्य। संवाद

अंबाला। छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद सेल और एनएसएस यूनिट ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद मेरी नजर में विषय पर विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने बताया कि विनम्रता और सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज युवाओं को ग्रहण करना चाहिए। उनकी निर्भीकता से पूरा विश्व परिचित है। स्वामी विवेकानंद सेल के नोडल अधिकारी डॉ. अनीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को विद्यार्थियों के समकक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आरंभ से ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं। मातृभूमि के प्रति उनका प्रेम, स्वदेशी वस्तुओं के प्रति उनका लगाव, मातृभाषा के प्रति उनकी भक्ति हर भारतीय युवा के लिए अनुकरणीय है। डॉ. सरोज ने बताया कि भारत में आरंभ से ही चरित्र ही पूजित हुए हैं और स्वामी विवेकानंद उन महापुरुषों में से हैं जो हमारे हृदय मंदिर में सदैव पूज्य रहेंगे। डॉ.